there. Now to the surprise and shock of these refugees families they are being forcibly moved into Katihar and other places against their wishes. I am told that for their refusal to move, their cash dole, etc., are being withdrawn. Even the 25 families moved in Jamshedpur in 1980 have not been properly rehabilitated. I, therefore. urga upon the Government to keep up their assurance and rehabilitate the remaining 52 refugee families at Jamshedpur and also improve the conditions of the existing families there.

(vi) Need to ban political parties basedo n relegion or castes.

श्री वी० डी० सिंह (फूलपुर) : पंजाब में एक नये साम्प्रदायिक राजनीतिक दल का गठन गम्भीर चिन्ता का विषय है। जहाँ देश में मानववादी विचारधारा सुदृढ़ होनी चाहिए थी, आज जाति, समुदाय, धर्म के आधार पर मानव-मानव में विद्वेश की आग फैलाई जा रही है। इस प्रकार की आग न तो प्रज्जवलित हो और न फैले, इसके लिए समाज के हर वर्ग का उत्तरदायित्व है, परन्तु सरकार का उत्तरदायित्व सर्वोपरि है। भूत में हमारे नेतृत्व द्वारा इस समस्या को गम्भीरता से न लिया जाना आज घातक बन रहा है। राजनीति में इस प्रकार की विचारधारा का प्रवेश तथा उसका प्रसार देश की अखण्डता के लिए प्रश्न चिन्ह बन जाता है। अब समय आ गया है, जबकि इस बात की नितान्त आवश्यकता है कि जो भी राजनैतिक पार्टियां धर्म, सम्प्रदाय, पंथ, जाति आदि के नाम अथवा आधार पर गठित की गई हैं, उनपर प्रतिबन्ध लगा दिया जाना चाहिए। इसके लिए तत्काल आवश्यक कानून बनाया जाना चाहिए।

अतएव मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि वे अविलम्ब सभी नेताओं से विचार-विमर्श करके ऐसी आवश्यक कार्यवाही करें, जिससे समस्त धर्म, सम्प्रदाय, पंथ, जाति आदि के आधार पर गठित राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबन्ध लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी पार्टियों के गठन किए जाने की सम्भावना समाप्त हो जाए।

(vii) Mis- management and embezzlement of funds in Devi Temple under Badri Bhagat Mandir Trust and need for management of this temple under the law for temples.

श्री बनारसी दास (बुलन्दशहर) : सभापति महोदय, नई दिल्ली के झंडेवालान में बद्री भगत मंदिर ट्रस्ट के अन्तर्गत देवी का मंदिर है। नव-रात्रि के अवसर पर श्रद्धालु भक्तों की बड़ी भीड़ होती है। इस मंदिर में धन की दुरुपयोगिता तथा भ्रष्टाचार के अनेक अभियोग लगाए गए हैं। 3 अप्रैल, 1984 से दिल्ली के कुछ प्रमुख कार्यकर्ता अनशन पर बैठे हैं। झंडेवालान क्षेत्र में दर्शनार्थियों में असन्तोष है। उपराज्यपाल दिल्ली का ध्यान भी इस मामले की ओर आकर्षित किया जा रहा है। नागरिकों की मांगें हैं कि इस मन्दिर का प्रबन्ध नियमित किया जाए और अन्य प्रदेशों में मन्दिरों के सम्बन्ध में जो अधिनियम बना है, उसी अधिनियम के द्वारा यहां का प्रबंध भी नियमित किया जाए।

(viii) Need for inquiry into incidents of vandalism etc. in connection with public demonstration against wlthdrawal of stoppage of 51 Up and 52 Dn trains at Choube and Chichaki stations on Eastern Railway.

SHRI A. K. Roy (Dhanbad) : We travelled by Delhi-Howrah Rajdhani Express starting from New Delhi on the 30th March. The train became late on the way by 12 hours...(*Interuptions*)